## झगड़ा देख रहे युवक को पीटा इलाज के दौरान हुई मौत

- पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया
- संदिग्ध परिस्थितियों में अन्य युवक भी मृत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. जन्मदिन पाटी में आपस में झगड़ रहे लोगों को रूक कर देखना युवक को भारी पड़ा गया. झगड़ा कर रहे लोगों ने युवक पर हमला कर दिया. हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. वहीं एक अन्य युवक की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई.**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शादी से लौट रहे युवकों के बीच जवाहर टेकरी पर जन्मदिन पार्टी में हुए विवाद को देखने रुकना एक युवक को भारी पड़ गया. वहां झगड़ रहे लोगों ने



उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लेकर हत्या का मामला दर्ज किया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है. दूसरे मामले में पहली मंजिल पर शराब पीते समय एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गया. उसे गंभीर चोटें आईं. अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई. पुलिस साथी से सख्त पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सके.

### कुसी पर बैठे-बैठे आया साइलेंट अटैक

टीवी रिपेयर कराने दुकान पहुंचे एक ग्राहक को कुर्सी पर बैठे-बैठे ही साइलेंट अटैक आया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इसी प्रकार एक महिला की भी अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. दोनों मामलों में स्वास्थ्य संबंधी कारण प्रमुख माने जा रहे हैं.

### तबीयत बिगड़ने के बाद नाबालिग ने तोड़ा दम



पालदा क्षेत्र में मैथी के पराठे खाने के बाद एक नाबालिग की तबीयत बिगड़ गई. अस्पताल से छुट्टी मिलने के कुछ घंटे बाद उसकी हालत फिर खराब हो गई और उसे दोबारा अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने फूड पॉयजनिंग की आशंका में जांच शुरू कर दी है. पुलिस सभी मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है.

## कार रोकते ही सामने लेटकर बोला- टक्कर मारी है, दो हजार दो

- सड़क पर वसूली के नए तरीके का फर्जीवाड़ा उजागर
- टक्कर मारने का झांसा देकर वसूली करने पहुंचे दो युवक, एक को दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में वाहन चालकों को निशाना बनाने वाले एक नए फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है. सड़क पर चलते वाहनों को टक्कर का बहाना बनाकर रोकने, विवाद करने और हर्जाने के नाम पर वसूली करने वाली एक गैंग की करतूत उजागर हुई है. इस गेंग के एक आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका एक साथी मौके से भाग निकला. पुलिस को आशंका है कि यह गेंग इसी तरीके से कई लोगों से वसूली कर चुकी है.

घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र की है. शिकायतकर्ता व्यक्ति



अपने घर लौट रहा था कि तभी बाइक पर आए दो युवक उनकी कार के पास आए और कांच पर थपथपाकर रुकने को कहा. जैसे ही कार रुकी, एक युवक कार के सामने जाकर लेट गया और दावा करने लगा कि टक्कर लगी है.

कार्रवाई से बचना है तो दो हजार रुपए हर्जाना दो. जब ड्राइवर ने आपत्ति जताई और कहा कि यह सब जानबूझकर किया जा रहा है, तो दोनों युवक उससे झगड़ने लगे. मामले की सूचना पुलिस को दी गई. टीम के पहुंचने पर एक आरोपी फराज खान को पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी आदिल भाग गया. पुलिस को एक अन्य वाहन चालक से भी ऐसी ही शिकायत मिली है. पुलिस को आशंका है कि दोनों किसी गैंग का हिस्सा हो सकते हैं. पुलिस अब आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड और अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है.

## वेतन लेकर लौट रहे ड्राइवर से मोबाइल और 20 हजार रुपए छीने, एक धराया

- कार के नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बायपास पर तीन दिन पहले हुई लूट की वारदात में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है, जबकि उसका एक साथी अब भी फरार है. घटना उस समय हुई थी, जब टैक्सी ड्राइवर वेतन लेकर घर लौट रहा था और कार खराब होने पर टोल प्लाजा के पास रुक गया था. तभी स्विफ्ट कार में आए बदमाशों ने मारपीट कर उसके पास से कैश और मोबाइल लूट लिया था.**

पुलिस ने बताया कि मामला 13 नवंबर की रात का है. लसूड़िया के रहने वाला टैक्सी ड्राइवर आकाश राव अपनी अल्टो कार में बायपास के शिप्रा टोल प्लाजा के पास पहुंचा था कि उसकी कार खराब हो गई.कार में खराबी आने पर वह चाय की दुकान पर पहुंचा. इसी बीच स्विफ्ट कार से आए तीन युवक उससे विवाद करने लगे. और मारपीट करते हुए पर्स, मोबाइल और करीब 20 हजार रुपए छीनकर भाग निकले.

आकाश उस समय अपनी तनख्वाह लेकर घर लौट रहा था. शिकायत के बाद पुलिस ने कार के नंबर और बदमाशों के हुलिए के आधार पर पड़ताल शुरू की. जांच के दौरान खजराना इलाके का रहने वाला अशफाक पिता सलीम घटना में शामिल पाया गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया. उसका साथी रोहित जाट फरार है, जिसकी तलाश जारी है. पुलिस बाकी आरोपियों की भी पहचान कर रही है.

## खाली प्लॉट पर चल रहा था जुआ अड्डा आधा दर्जन आरोपियों को दबोचा

- मौके से 84 हजार 800 रुपए और ताशपत्ते बरामद
- सूचीबद्ध बदमाश की छुपी गतिविधि उजागर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में जुआ खेल रहे आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया. कार्रवाई में नकदी और ताशपत्तों के साथ वह प्लॉट भी चिन्हित हुआ, जिसे एक सूचीबद्ध बदमाश छिपकर जुआ अड्डे के रूप में इस्तेमाल कर रहा था.**

शहर में जुआ-सट्टा जैसे अवैध कारोबार पर सख्ती के निर्देशों के तहत परदेशीपुरा पुलिस ने बीती शाम महत्वपूर्ण कार्रवाई की. शाम





करीब 7.15 बजे थाना प्रभारी आरडी कानवा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मालवा विद्या मंदिर के सामने स्थित एक प्लॉट में ताश के जरिए हार-जीत का दांव लगाया जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. टीन शेड वाले खाली प्लॉट में छह लोग ताशपत्तों से दाव लगाकर जुआ खेलते दिखाई दिए, घेराबंदी कर पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए व्यक्तियों में अमित उर्फ रिंकू ठाकुर, नरेश यादव, राम यादव, ग्यारसीलाल उर्फ गुड़ी अंकल, डैनी मौर्य और रवि मालवीय शामिल हैं. मौके से 84 हजार 800 रुपए नकद और 52 ताशपत्ते जब्त किए. जांच में सामने आया कि यह जुआ अड्डा थाने का सूचीबद्ध बदमाश रिंकू ठाकुर ही चोरी छुपे अपने प्लॉट पर संचालित कर रहा था. सभी आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### एक नजर में

## पवनदीप ने इंडिया ओपन शूटिंग में जीता स्वर्ण



**इंदौर.** भोपाल में 11 से 24 नवंबर तक आयोजित इंडिया ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में इंदौर के पैराशूटर पवनदीप सिंह पाबला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. 50 मीटर प्रोन पैरा इवेंट में गोल्डन लाइट राइफल शूटिंग क्लब से प्रशिक्षण लेने वाले पवनदीप ने 551 स्कोर बनाकर पहला स्थान हासिल किया. प्रतियोगिता के पैरा वर्ग में यह इंदौर के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. क्लब की कोच राजकुमारी राठौर ने पवनदीप को जीत की बधाई दी और कहा कि यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है. उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी पवनदीप शहर का नाम रोशन करेंगे.

## ढाई लाख की 25 ग्राम एमडी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच ने देर शाम नावदा पंथ ब्रिज के नीचे छापा मारकर एमडी तस्करी में लिप्त एक बदमाश को गिरफ्तार दबोचा है. आरोपी के कब्जे से 25.39 ग्राम एमडी बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है. एडि. सीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राईम ब्रांच की टीम विभिन्न इलाकों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी, तभी धार रोड स्थित पुल के नीचे एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने लगा. उसे पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम सोहेल खान निवासी जावरा बताया. तलाशी में उसके पास से एमडी ड्रग्स मिली. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ते दामों पर एमडी खरीदकर शहर में नशे के आदी युवाओं को महंगे दामों में बेचता था. वह ड्राइवरी करता है और आठवीं तक पढ़ा है, उसके खिलाफ इंदौर में दो अपराध पहले से दर्ज हैं. पुलिस पूछताछ में यह पता लगा रही है कि वह माल किससे खरीदता था और शहर में किन लोगों को सप्लाई करता था.




## नुक्कड़ मीटिंग में कई गंभीर समस्याएं आईं सामने





**महू.** महू छावनी परिषद् क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को उजागर करने के लिए जनता समस्या निवारण समिति क्षेत्रवार नुक्कड़ मीटिंग के जरिये लोगों को दैनिक जीवन यापन में आने वाली परेशानियों को जान रही है. इसी तारतम्य में समिति अपने नुक्कड़ मीटिंग कार्यक्रम के तीसरे चरण में वार्ड 07 के यादव मोहल्ला, मोती महल सिनेमा के पीछे एवं मोहन मार्ग इत्यादि क्षेत्रों में पहुंची. जहां नागरिकों ने आक्रोशित होकर बताया कि क्षेत्र में गंदगी का अम्बार है, मोतीमहल सिनेमा के पीछे आसपास से कचरा लाकर ढेर लगाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में मच्छरों की भरमार है. रहवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं. यहां एक सार्वजनिक शौचालय है, जिसमें वर्षों पहले एक टंकी दिखावे के लिए लगाई गई है, क्योंकि आज तक उस टंकी का कोई उपयोग नहीं हो पाया है. यहां का सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है. स्ट्रीट लाइट के अभाव में अंधेरे का फायदा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को मिलता है.

## विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेसी देंगे ज्ञापन

**महू.** स्थानीय ड्रीमलैंड चौराहे पर सोमवार को प्रात: 11.30 बजे महू विधानसभा कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एडिशनल एसपी को ज्ञापन दिया जाएगा. कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की एकजुटता और जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में समय पर उपस्थित होकर अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता करने का आग्रह किया है.

## 3 वर्षीय मासूम को नाना उठाकर ले गया

- पिता की शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज

**इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में तीन साल के एक बच्चे को उसका नाना जबरिया उठाकर ले गया. बच्चे के पिता सुरेश चौहान थाने पहुंचे और ससुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इस पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल ने बताया कि सुरेश चौहान, निवासी इंद्रपथ बंगला ने शिकायत में बताया कि उसके ससुर कमल सोलंकी निवासी ग्राम बबालिया, डबल चौकी शाम करीब छह बजे घर आए और उसके तीन वर्षीय बेटे को बिना अनुमति के अपने साथ ले गए. घटना के समय बच्चा अपनी दादी रुकमा के साथ था. सुरेश ने बताया कि वह खेती का काम करता है और घटना के समय खेत पर था. मां ने फोन कर बताया कि ससुर बच्चे को उठाकर ले गए हैं. जब सुरेश ने ससुर को कॉल किया तो उनका मोबाइल बंद मिला. काफी देर तक प्रयास करने के बाद भी बच्चा वापस नहीं मिलने पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

शिकायत में सुरेश ने यह भी उल्लेख किया कि उसकी पत्नी रानू करीब चार माह पहले उसे छोड़कर चली गई थी और विनोद नामक व्यक्ति से विवाह कर लिया था.

वह जाते समय बेटे को सुरेश के पास ही छोड़कर गई थी, बच्चे की देखभाल दादी कर रही थी. पुलिस ने मामले में कमल सोलंकी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## बीएसएफ ने शूटिंग टीम को दिए अत्याधुनिक हथियार

- अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपग्रेड हैं हथियार
- ओलंपिक लेवल के 37 स्पोर्ट्स वेपन की खरीद, स्विस निर्मित 14 पिस्टलें मिलीं

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सीमा सुरक्षा बल ने अपनी शूटिंग टीम को आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए स्पोर्ट्स हथियारों का बड़ा अपग्रेड किया है. अंतरराष्ट्रीय स्तर के हथियारों के शामिल होने से प्रशिक्षण और प्रतियोगिता प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है.**

सीमा सुरक्षा बल ने अपनी स्पोर्ट्स वेपन प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत करते हुए ओलंपिक स्तर के नवीनतम हथियारों को शामिल किया है. आधुनिकीकरण की इस प्रक्रिया के तहत 37 स्पोर्ट्स हथियारों की खरीदी की स्वीकृति दी गई है.



इनमें से स्विट्जरलैंड निर्मित 14 आईएसएसएफ पिस्टल प्राप्त हो चुकी हैं, जबकि शेष हथियारों की आपूर्ति जारी है. इन हथियारों में .177 एयर पिस्टल मोरीनी, .22 एलआर फ्री पिस्टल मोरीनी सीएम 84 ई और .32 एसडब्ल्यू पर्डिनी पिस्टल एचपी शामिल हैं. उन्नत तकनीक, उच्च सटीकता और बेहतर एर्गोनॉमिक्स वाली ये पिस्टलें निशानेबाजों की दक्षता को नई ऊंचाई देंगी.

### अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के अनुकूल उपकरणों पर अभ्यास कर सकेगी टीम

बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, आधुनिक हथियारों की उपलब्धता से प्रशिक्षण संरचना मजबूत होगी और टीम अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के अनुकूल उपकरणों पर अभ्यास कर सकेगी. इससे प्रदर्शन की गुणवत्ता, निरंतरता और सटीकता में भी बढ़ोतरी होगी. इसके साथ ही बीएसएफ निशानेबाजों को उन्हीं श्रेणी के हथियारों पर प्रशिक्षण मिलेगा, जिनका उपयोग ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शीर्ष खिलाड़ी करते हैं. संस्था का कहना है कि खेल संरचना को सुदृढ़ बनाने और निशानेबाजों के व्यावसायिक कौशल को लगातार बेहतर करना उनकी प्राथमिकता है.

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग से 20 लाख की ठगी

- डेक्स एप लिंक भेजकर किया साइबर फ्रॉड
- संदिग्ध खाते संभवत: दूसरे राज्यों के, डिटेल जुटा रही पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रिटायर्ड नागरिक से ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर ठगे गए लाखों रुपए की जांच में क्राइम ब्रांच सक्रिय हो गई है. बैंक खातों के फ्रीज होने के बाद अब उनके मूल स्त्रोत की पड़ताल की जा रही है.**

शेयर मार्केट में कई गुना मुनाफा दिलाने का भरोसा देकर 65 वर्षीय बुजुर्ग से 20 लाख 10 हजार 840 रुपए ऐंठने के मामले में क्राइम ब्रांच ने उन खातों की डिटेल्स बैंक से मांगी है, जिनमें यह रकम भेजी गई थी. जांच एजेंसी को आशंका है कि संबंधित खाते अन्य राज्यों में संचालित हो सकते हैं. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शिकायत दर्ज होते ही सबसे पहले संदिग्ध बैंक खातों को फ्रीज कराया. अब बैंक से विस्तृत जानकारी आने के बाद खातेधारकों की पहचान और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. 28 अगस्त को पीड़ित को अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉल करने वालों ने खुद को अनामिका और नीतेश बताया. उन्होंने वॉट्सऐप पर डेक्स एप्लिकेशन की लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया और यूएसडीटी क्रेडिट दिखाकर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने का दावा किया.

पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर से 22 सितंबर के बीच पीड़ित ने आरोपियों के बताए बैंक खातों और यूपीआई आईडी पर 20 लाख 10 हजार 840 रुपए जमा कराए. मुनाफा मांगने पर आरोपियों ने अतिरिक्त कमीशन की मांग शुरू कर दी. शक होने पर बुजुर्ग ने लेनदेन की जांच की और ठगी का खुलासा होने पर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई. क्राइम ब्रांच अब साइबर धोखाधड़ी के इस नेटवर्क की पड़ताल कर रही है और जल्द आरोपियों तक पहुंचने की संभावना जताई है.

## अलग-अलग हादसों में तीन की जान गई

- बस के धक्के से स्टूल से गिरे कारीगर की दबने से मौत
- सिदौड़ा में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई. देवगुराड़िया में बस ड्राइवर की मरम्मत के दौरान दबकर मौत हो गई, राऊ में पीओपी कारीगर स्टूल से गिरकर घायल हुआ और दम तोड़ दिया, जबकि सिदौड़ा में शराब के दौरान बैठे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. पुलिस ने तीनों मामलों में जांच शुरू कर दी है.

शाम को देवगुराड़िया इलाके में 30 वर्षीय सुमित राजपूत की उस समय मौत हो गई, जब मरम्मत के लिए जैक पर उठाई गई स्कूल बस अचानक नीचे गिर पड़ी. सुमित अरगोटा इंटरनेशनल स्कूल की बस चलाता था और छुट्टी के बाद वह बस की मरम्मत के लिए गेरेज पहुंचा था. नीचे के पार्ट्स देखने के लिए वह बस के नीचे गया ही था कि लगाए गए सभी पांच जैक अचानक फिसल गए और पूरी बॉडी उसके ऊपर आ गिरी. गेरेज स्टाफ ने उसे निकालकर एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. मामले में खुडेल पुलिस जांच कर रही है. इसी तरह राऊ थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय पीओपी कारीगर अहमद रजा की निर्माणाधीन मकान में काम करते समय मौत हो गई. वह करीब छह फीट ऊंचे स्टूल पर चढ़कर काम कर रहा था. संतुलन बिगड़ने पर वह सिर के बल नीचे गिर पड़ा. रात में उपचार के दौरान एमवाय अस्पताल में उसकी मौत हो गई. रजा ठेके पर काम करता था और तीन भाइयों व एक बहन का परिवार संभालता था. इधर चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिदौड़ा गांव में 34 वर्षीय गोविंद की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. वह अपने दोस्त के साथ पहली मंजिल पर बैठकर शराब पी रहा था. बातचीत के दौरान वह अचानक नीचे गिर पड़ा. परिजन अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. गोविंद मजदूरी कर परिवार चलाता था. पुलिस सभी मामलों में पूछताछ और जांच कर रही है.

**एक नजर में** ▶ गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं धीरज नगर के गरीब व मजदूर वर्ग के लोग

## सरकारी बोरवेल से पूर्ति नहीं होने पर टैंकर बुलाकर खरीदना पड़ता है पानी

**इंदौर.** शहर में पानी को लेकर जिस तरह से नगर निगम अपनी सफलता बताती है, वह हकीकत में कोसों दूर है. शहर के कई क्षेत्रों में आज भी नर्मदा का पानी नहीं पहुंच पाया है. लोग अपना गुजारा करने के लिए सरकारी बोरवेल पर निर्भर हैं या पैसा देकर टैंकर से पानी का बंदोबस्त करने के लिए मजबूर हैं.

वार्ड - 40 के अंतर्गत आने वाले धीरज नगर में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है. यह क्षेत्र रोबोर्ट चौराहे से करीब आधा किलो मीटर की दूरी पर पड़ता है. क्षेत्र में अधिकांश मजदूर एवं छोटी-मोटी नौकरी करने वाले लोग निवास करते हैं. घनी बस्ती और तंग गलियों में बसे धीरज नगर के लोगों ने नव भारत को पानी की गंभीर समस्या बताई. लोगों ने बताया कि क्षेत्र में तीन दशक से नर्मदा पानी से लोग वंचित



हैं. पहले लोग दूर दराज के क्षेत्रों से पानी लाते थे, फिर कुछ वर्ष पूर्व क्षेत्र में सरकारी बोरिंग लगाया गया, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन बोरिंग खराब होने पर क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ जाती है. गर्मियों में तो यहां पानी की भारी किल्लत हो जाती है. यहां के लोग एक से दो किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाते हैं. यहां तक की महीने में तीन से चार बार पैसा देकर पानी का टैंकर बुलवाते हैं. हलांकि क्षेत्र में सात-आठ महीने पहले नर्मदा पानी की लाईन डाली गई है, लेकिन आज तक उस लाईन से लोगों को पानी नहीं दिया गया.

### यह बोले रहवासी...



30 साल से रह रहे हैं, नर्मदा का पानी आज तक नहीं दिया गया. क्षेत्र में जो बोरिंग है, उसमें भी गंदा पानी आता है, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं. बुजुर्गों को दूर जाकर पानी लाना पड़ता है.

**- दर्शन यादव**



बोरिंग सूख जाने पर पानी के बर्तन लेकर खजराना से लेकर बरफानी धाम तक भटकना पड़ता है. हम सभी चाहते हैं कि समस्या का निराकरण कर हमारे क्षेत्र में डाली गई नर्मदा पानी की लाईन को जल्दी ही शुरू करें.

**- सुमन बाई**



गर्मियों में 800 रुपए तक का टैंकर लेना पड़ता है. छह महीने हो चुके हैं. नर्मदा की लाईन डाले हुए, लेकिन अभी तक शुरू नहीं की गई. हमने निगम अधिकारियों से बात भी की थी, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं.

**- गुरू शर्मा**